2. समिति द्वारा विचार विमर्श उपरांत सर्वसम्मति से आवेदक – मेसर्स नवाटोला आर्डिनरी स्टोन क्वारी माईन (प्रो.– श्री महावीर प्रसाद पाठक) की ग्राम–नवाटोला, तहसील–ओड़गी, जिला–सूरजपुर के खसरा क्रमांक 550 एवं 551 में स्थित साधारण पत्थर (गौण खनिज) खदान, कुल क्षेत्रफल–2.01 हेक्टेयर, क्षमता – 18,174 टन प्रतिवर्ष हेतु **परिशिष्ट–08** में वर्णित शर्तों के अधीन पर्यावरणीय स्वीकृति दिए जाने की अनुशंसा की गई।

राज्य स्तर पर्यावरण समाघात निर्धारण प्राधिकरण (एस.ई.आई.ए.ए.), छत्तीसगढ़ को तदानुसार सूचित किया जाए।

11. मेसर्स बारबरिक प्रोजेक्ट लिमिटेड छिर्रालेवा–बी (प्रो.– श्री ध्रुव कुमार अग्रवाल), ग्राम–छिर्रालेवा, तहसील–बसना, जिला–महासमुंद (सचिवालय का नस्ती क्रमांक 1603)

ऑनलाईन आवेदन – प्रपोजल नम्बर – एसआईए /सीजी /एमआईएन /203439/2021, दिनांक 14/03/2021। परियोजना प्रस्तावक द्वारा प्रस्तुत ऑनलाईन आवेदन में कमियाँ होने से ज्ञापन दिनांक 22/03/2021 द्वारा जानकारी प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित किया गया। परियोजना प्रस्तावक द्वारा वांछित जानकारी दिनांक 26/03/2021 को ऑनलाईन प्रस्तुत की गई।

प्रस्ताव का विवरण – यह प्रकरण क्षमता विस्तार का है। यह पूर्व से संचालित पत्थर (गौण खनिज) खदान है। खदान ग्राम–छिर्रालेवा, तहसील–बसना, जिला–महासमुंद स्थित खसरा क्रमांक 97, कुल क्षेत्रफल–1 हेक्टेयर में प्रस्तावित है। खदान की आवेदित उत्खनन क्षमता – 71,351 टन प्रतिवर्ष से 1,43,840 टन प्रतिवर्ष है।

परियोजना प्रस्तावक को एस.ई.ए.सी., छत्तीसगढ़ के ज्ञापन दिनांक 21/05/2021 द्वारा प्रस्तुतीकरण हेतु सूचित किया गया।

बैठक का विवरण –

(अ) समिति की 370वीं बैठक दिनांक 27/05/2021:

प्रस्तुतीकरण हेतु श्री आनंद राजकुमार अग्रवाल, अधिकृत प्रतिनिधि विडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से उपस्थित हुए। समिति द्वारा नस्ती, प्रस्तुत जानकारी का अवलोकन एवं परीक्षण करने पर निम्न स्थिति पाई गईः–

1. **पूर्व में जारी पर्यावरणीय स्वीकृति संबंधी विवरणः–**

i. पूर्व में साधारण पत्थर खदान खसरा क्रमांक 97, कुल क्षेत्रफल–1 हेक्टेयर, क्षमता–71,351 टन प्रतिवर्ष हेतु पर्यावरणीय स्वीकृति राज्य स्तर पर्यावरण समाघात निर्धारण प्राधिकरण, छत्तीसगढ़ द्वारा दिनांक 31/12/2019 को जारी की गई। यह स्वीकृति 2 वर्ष तक की अवधि हेतु जारी की गई थी।

ii. पूर्व में जारी पर्यावरणीय स्वीकृति के शर्तो के पालन में की गई कार्यवाही की जानकारी प्रस्तुत की गई है।

iii. निर्धारित शर्तानुसार 200 नग वृक्षारोपण किया गया है।

iv. कार्यालय कलेक्टर खनिज शाखा, जिला–महासमुंद के ज्ञापन क्रमांक 408/क/ख.लि./अ.अनु./न.क्र./21 महासमुंद, दिनांक 08/03/2021 द्वारा विगत वर्षों में किये गये उत्खनन की जानकारी निम्नानुसार हैः–

दिनांक	उत्पादन (घनमीटर)
13/03/2020 से 30/06/2020 तक	10,191
01/07/2020 से 31/12/2020 तक	29,200

2. **ग्राम पंचायत का अनापत्ति प्रमाण पत्र** – उत्खनन के संबंध में ग्राम पंचायत कोटेनदरहा का दिनांक 12/08/2019 का अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रस्तुत किया गया है।

3. **उत्खनन योजना** – मॉडिफाईड क्वारी प्लान विथ प्रोग्रेसिव क्वारी क्लोजर प्लान एण्ड इन्व्हायरोमेंट मेनेजमेंट प्लान प्रस्तुत किया गया है, जो संयुक्त संचालक (ख.प्र.), संचालनालय, भौमिकी तथा खनिकर्म, नवा रायपुर अटल नगर के ज्ञापन क्रमांक 388/खनि02/मा.प्ल.अनुमोदन/न.क्र.02/2019 नवा रायपुर, दिनांक 25/01/2021 द्वारा अनुमोदित है।

4. **500 मीटर की परिधि में स्थित खदान** – कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा), जिला–महासमुंद के ज्ञापन 1872/क/अ.अनुज्ञा/ख.लि./न.क्र./2018 महासमुंद, दिनांक 16/09/2019 के अनुसार आवेदित खदान से 500 मीटर के भीतर अवस्थित 1 खदान, 3.2 हेक्टेयर होना बताया गया है। जिसमें केवल विचाराधीन खदान के लीज सीमा से 500 मीटर के परिधि में अवस्थित खदानों का विवरण दिया गया है। उक्त प्रमाण पत्र से यह स्पष्ट नहीं हो रहा है कि उक्त खदानों के 500 मीटर के भीतर अन्य खदान है अथवा नहीं? ई.आई.ए. नोटिफिकेशन, 2006 (यथा संशोधित) में परिभाषित क्लस्टर अनुसार ''कोई क्लस्टर उस समय बनाया जाएगा, जब एक लीज के परिसरों के बीच दूरी उस सदृश खनिज क्षेत्र में अन्य पट्टे के परिसर से 500 मीटर से कम है।'' अर्थात् क्लस्टर हेतु होमोजिनियस मिनरल क्षेत्र में विचाराधीन खदान के लीज सीमा से 500 मीटर के भीतर आने वाले सभी खदानों को शामिल करते हुए तथा इस प्रकार शामिल खदानों के लीज सीमा के 500 मीटर के भीतर आने वाले अन्य सभी खदानों को (क्लस्टर में खदानों को वहॉ तक शामिल किया जाए, जहॉ तक 500 मीटर की दूरी में कोई खदान अवस्थित न हों) शामिल किया जाना चाहिए।

5. **200 मीटर की परिधि में स्थित सार्वजनिक क्षेत्र/संरचनाए** – कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा), जिला–महासमुंद के ज्ञापन 1414/क/अस्थाई अनुज्ञा/ख.लि./न.क्र./2018 महासमुंद, दिनांक 16/09/2019 द्वारा जारी प्रमाण पत्र अनुसार उक्त खदान से 200 मीटर की परिधि में कोई भी सार्वजनिक क्षेत्र जैसे धार्मिक स्थल, मंदिर, मस्जिद, मरघट, अस्पताल, स्कूल, पुल, बांध, एनीकट एवं जल आपूर्ति आदि प्रतिबंधित क्षेत्र निर्मित नहीं है।

6. **लीज का विवरण** – भूमि शासकीय भूमि है। लीज श्री ध्रुव कुमार अग्रवाल के नाम पर है। लीज डीड 2 वर्षों अर्थात् दिनांक 13/03/2020 से 12/03/2022 तक की अवधि हेतु वैध है।

7. **डिस्ट्रीक्ट सर्वे रिपोर्ट** – वर्ष 2019 की डिस्ट्रीक्ट सर्वे रिपोर्ट (District Survey Report) की प्रति प्रस्तुत की गई है।

8. **वन विभाग का अनापत्ति प्रमाण पत्र** – कार्यालय वनमण्डलाधिकारी, सामान्य वनमण्डल, जिला–महासमुंद के ज्ञापन क्रमांक/मा.चि./खनिज/2073 महासमुंद दिनांक 22/06/2009 से जारी अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रस्तुत किया गया है।

9. **महत्वपूर्ण संरचनाओं की दूरी** – निकटतम आबादी ग्राम–छिर्रालेवा 0.25 कि.मी., स्कूल ग्राम–छिर्रालेवा 0.55 कि.मी. एवं अस्पताल सराईपाली 9 कि.मी. की दूरी पर स्थित है। राष्ट्रीय राजमार्ग 9 कि.मी. एवं राज्यमार्ग 6 कि.मी. दूर है।

10. **पारिस्थितिकीय/जैवविविधता संवेदनशील क्षेत्र** – परियोजना प्रस्तावक द्वारा 10 कि.मी. की परिधि में अंतर्राज्जीय सीमा, राष्ट्रीय उद्यान, अभयारण्य, केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा घोषित क्रिटिकली पॉल्युटेड एरिया, पारिस्थितिकीय संवेदनशील क्षेत्र या घोषित जैवविविधता क्षेत्र स्थित नहीं होना प्रतिवेदित किया है।

11. **खनन संपदा एवं खनन का विवरण** – जियोलॉजिकल रिजर्व 3,43,226 टन, माईनेबल रिजर्व 1,51,366 टन एवं रिकव्हरेबल रिजर्व 1,43,798 टन है। लीज की 7.5 मीटर चौड़ी सीमा पट्टी (उत्खनन के लिए प्रतिबंधित क्षेत्र) का क्षेत्रफल 2,840 वर्गमीटर है। ओपन कास्ट सेमी मेकेनाईज्ड विधि से उत्खनन किया जाएगा। उत्खनन की प्रस्तावित अधिकतम गहराई 16.5 मीटर है। लीज क्षेत्र में ऊपरी मिट्टी की मोटाई 0.5 मीटर है तथा कुल मात्रा 3,136 घनमीटर है। इस मिट्टी को सीमा पट्टी (7.5 मीटर) में फैलाकर वृक्षारोपण के लिए उपयोग किया जाएगा। बेंच की ऊंचाई 3 मीटर एवं चौड़ाई 3 मीटर है। खदान की संभावित आयु 2 वर्ष है। लीज क्षेत्र में क्रशर स्थापित नहीं है एवं इसकी स्थापना का प्रस्ताव नहीं किया गया है। जैक हैमर से ड्रिलिंग एवं ब्लास्टिंग किया जाता है। खदान में वायु प्रदूषण नियंत्रण हेतु जल का छिड़काव किया जाता है। वर्षवार प्रस्तावित उत्खनन का विवरण निम्नानुसार हैः–

वर्ष	प्रस्तावित उत्खनन (टन)
प्रथम	1,43,840
द्वितीय	7,454

12. **जल आपूर्ति** – परियोजना हेतु आवश्यक जल की मात्रा 4 घनमीटर प्रतिदिन होगी। जल की आपूर्ति टैंकर द्वारा ग्राम पंचायत के माध्यम से किया जाएगा। इस बाबत् ग्राम पंचायत का अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रस्तुत नहीं किया गया है।

13. **वृक्षारोपण कार्य** – लीज क्षेत्र की सीमा में चारों ओर 7.5 मीटर की पट्टी में 622 नग वृक्षारोपण किया जाएगा।

14. **खदान की 7.5 मीटर की चौड़ी सीमा पट्टी में उत्खनन** – प्रस्तुतीकरण के दौरान परियोजना प्रस्तावक द्वारा बताया गया कि लीज क्षेत्र के चारों ओर 7.5 मीटर क्षेत्र के कुछ भाग उत्खनित है। उपरोक्त उत्खनित क्षेत्र को पुनःभराव किया गया है। वृक्षारोपण का कार्य शेष है।

15. **कॉर्पोरेट पर्यावरणीय दायित्व (C.E.R.)** – परियोजना प्रस्तावक द्वारा सी.ई. आर. (Corporate Environment Responsibility) हेतु समिति के समक्ष विस्तार से चर्चा उपरांत निम्नानुसार विस्तृत प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया है:–

Capital Investment (in Lakh Rupees)	**Percentage of Capital Investment to be Spent**	**Amount for CER Activities (in Lakh Rupees)**	**Amount Proposed & Details for CER Activities (in Lakh Rupees)**	
			Particulars	**CER Fund Allocation (in Lakh Rupees)**
18.20	2%	0.36	Following activities at Gram Panchayat Bhawan School, **Village – Kotendarha**	
			Rain Water Harvesting System	0.35
			Plantation	0.15
			Total	**0.50**

16. यह क्षमता विस्तार का प्रकरण है। अतः परियोजना प्रस्तावक को पूर्व में जारी पर्यावरणीय स्वीकृति की शर्तो के पालन में की गई कार्यवाही की जानकारी भारत सरकार, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के एकीकृत क्षेत्रीय कार्यालय, रायपुर से मंगाया जाना आवश्यक है।

समिति द्वारा विचार विमर्श उपरांत सर्वसम्मति से निम्नानुसार निर्णय लिया गया:–

1. उपरोक्त विवरण अनुसार कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा) द्वारा उक्त खदान से 500 मीटर के भीतर अवस्थित अन्य खदानों के संबंध में अद्यतन जानकारी प्रस्तुत की जाए।
2. जल आपूर्ति हेतु ग्राम पंचायत का अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रस्तुत किया जाए।
3. पूर्व में जारी पर्यावरणीय स्वीकृति के तहत् सी.ई.आर. के प्रस्ताव का कार्यपूर्ति प्रतिवेदन प्रस्तुत किया जाए।
4. लीज क्षेत्र के चारों ओर उत्खनित 7.5 मीटर क्षेत्र में किये गये पुनःभराव क्षेत्र में वृक्षारोपण का कार्य कर फोटोग्राफ सहित जानकारी प्रस्तुत की जाए।
5. पूर्व में जारी पर्यावरणीय स्वीकृति की शर्तो के पालन में की गई कार्यवाही की जानकारी एकीकृत क्षेत्रीय कार्यालय, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार, रायपुर से प्राप्त कर प्रस्तुत की जाए।
6. उपरोक्त समस्त पूर्ण जानकारी / दस्तावेज प्रस्तुत किये जाने उपरांत आगामी कार्यवाही की जाएगी।

एकीकृत क्षेत्रीय कार्यालय, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार, रायपुर एवं परियोजना प्रस्तावक को तदानुसार सूचित किया जाए।

12. मेसर्स श्री मनोज कुमार चंद्राकर (ए–1, बरबसपुर सेण्ड माईन), ग्राम–बरबसपुर, तहसील व जिला–महासमुंद (सचिवालय का नस्ती क्रमांक 1627)

ऑनलाईन आवेदन – प्रपोजल नम्बर – एसआईए / सीजी / एमआईएन / 206938 / 2021, दिनांक 30 / 03 / 2021।

प्रस्ताव का विवरण – यह पूर्व से संचालित रेत खदान (गौण खनिज) है। यह खदान ग्राम–बरबसपुर, तहसील व जिला–महासमुंद स्थित खसरा क्रमांक 01, कुल क्षेत्रफल–4 हेक्टेयर में प्रस्तावित है। उत्खनन महानदी से किया जाता है। खदान की आवेदित उत्खनन क्षमता – 59,787 घनमीटर प्रतिवर्ष है।

परियोजना प्रस्तावक को एस.ई.ए.सी., छत्तीसगढ़ के ज्ञापन दिनांक 21 / 05 / 2021 द्वारा प्रस्तुतीकरण हेतु सूचित किया गया।

बैठक का विवरण –

(अ) समिति की 370वीं बैठक दिनांक 27 / 05 / 2021:

प्रस्तुतीकरण हेतु श्री बुद्धदेव पाण्डेय, अधिकृत प्रतिनिधि विडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से उपस्थित हुए। समिति द्वारा नस्ती, प्रस्तुत जानकारी का अवलोकन एवं परीक्षण करने पर निम्न स्थिति पाई गईः–

1. **पूर्व में जारी पर्यावरणीय स्वीकृति संबंधी विवरणः–**

   i. पूर्व में सरपंच, ग्राम पंचायत बरबसपुर के नाम से रेत खदान पार्ट ऑफ खसरा क्रमांक 01, क्षेत्रफल 4 हेक्टेयर, क्षमता– 40,000 घनमीटर प्रतिवर्ष हेतु पर्यावरणीय स्वीकृति राज्य स्तर पर्यावरण समाघात निर्धारण प्राधिकरण, छत्तीसगढ़ द्वारा दिनांक 18 / 07 / 2019 को जारी की गई। यह स्वीकृति 2 वर्ष तक की अवधि हेतु जारी की गई थी।

   ii. एस.ई.आई.ए.ए., छत्तीसगढ़ के ज्ञापन दिनांक 14 / 10 / 2019 द्वारा सरपंच, ग्राम पंचायत बरबसपुर को जारी पर्यावरणीय स्वीकृति को श्री मनोज कुमार चन्द्राकर के नाम पर हस्तांतरण किया गया है।

   iii. पूर्व में जारी पर्यावरणीय स्वीकृति के शर्तो के पालन में की गई कार्यवाही की जानकारी प्रस्तुत की गई है। गाद अध्ययन रिपोर्ट प्रस्तुत नही की गई।

   iv. सी.ई.आर. के तहत् शासकीय प्राथमिक शाला ग्राम–बिरकोनी के भवन में रेन वाटर हार्वेस्टिंग का आंशिक कार्य किया गया है।

   v. कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा), जिला–महासमुंद के ज्ञापन क्रमांक 354 / क / रेत / न.क. / 2020 महासमुंद, दिनांक 27 / 02 / 2021 के अनुसार विगत वर्ष किये गये उत्खनन का विवरण निम्नानुसार हैः–

वर्ष	उत्पादन (घनमीटर)
अक्टूर 2019 से दिसंबर 2019	17,678
जनवरी 2020 से दिसंबर 2020	5,540

   vi. निर्धारित शर्तानुसार 800 नग वृक्षारोपण किया गया है।

2. **ग्राम पंचायत का अनापत्ति प्रमाण पत्र** – रेत उत्खनन के संबंध में ग्राम पंचायत बड़गांव का दिनांक 01/10/2010 का अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रस्तुत किया गया है।

3. **चिन्हांकित/सीमांकित** – कार्यालय कलेक्टर, खनिज शाखा से प्राप्त प्रमाण पत्र अनुसार यह खदान चिन्हांकित/सीमांकित कर घोषित है।

4. **उत्खनन योजना** – रिवाईज्ड माईनिंग प्लान प्रस्तुत किया गया है, जो संयुक्त संचालक (ख.प्र.), संचालनालय, भौमिकी तथा खनिकर्म, नवा रायपुर अटल नगर के पृ. क्रमांक/1879/खनि02/रेत/उ.यो.अनु./न.क्र.04/2021 नवा रायपुर, दिनांक 24/03/2021 द्वारा अनुमोदित है।

5. **500 मीटर की परिधि में स्थित खदान** – कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा), जिला–महासमुंद के ज्ञापन क्रमांक/548/क/रेत/न.क./2021 महासमुंद, दिनांक 18/03/2021 के अनुसार आवेदित खदान से 500 मीटर के भीतर अवस्थित अन्य रेत खदानों की संख्या निरंक है।

6. **200 मीटर की परिधि में स्थित सार्वजनिक क्षेत्र/संरचनाए** – कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा), जिला–महासमुंद के ज्ञापन क्रमांक/548/क/रेत/न. क./2021 महासमुंद, दिनांक 18/03/2021 द्वारा जारी प्रमाण पत्र अनुसार उक्त खदान के 200 मीटर की परिधि में कोई भी सार्वजनिक क्षेत्र जैसे मंदिर, मस्जिद, गुरूद्वारा, मरघट, पुल, बांध, राष्ट्रीय राजमार्ग, राज्यमार्ग एवं जल आपूर्ति आदि प्रतिबंधित क्षेत्र निर्मित नहीं है।

7. **लीज का विवरण** – लीज श्री मनोज कुमार चन्द्राकर के नाम पर है। लीज डीड 2 वर्षों अर्थात् दिनांक 16/10/2019 से 15/10/2021 तक की अवधि हेतु वैध है।

8. **डिस्ट्रीक्ट सर्वे रिपोर्ट** – वर्ष 2019 की डिस्ट्रीक्ट सर्वे रिपोर्ट (District Survey Report) की प्रति प्रस्तुत की गई है।

9. **महत्वपूर्ण संरचनाओं की दूरी** – निकटतम आबादी ग्राम–बरबसपुर 1.5 कि.मी, स्कूल ग्राम–बरबसपुर 1.8 कि.मी. एवं अस्पताल बेलसोण्डा 3.8 कि.मी. की दूरी पर स्थित है। राष्ट्रीय राजमार्ग 3.3 कि.मी. एवं राज्यमार्ग 21.6 कि.मी. दूर है। स्वीकृत रेत खदान के 1 कि.मी. की दूरी तक पुल/एनीकट स्थित नहीं है।

10. **पारिस्थितिकीय/जैवविविधता संवेदनशील क्षेत्र** – परियोजना प्रस्तावक द्वारा 10 कि.मी. की परिधि में अंतर्राज्जीय सीमा, राष्ट्रीय उद्यान, अभयारण्य, केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा घोषित क्रिटिकली पॉल्युटेड एरिया, पारिस्थितिकीय संवेदनशील क्षेत्र या घोषित जैवविविधता क्षेत्र स्थित नहीं होना प्रतिवेदित किया है।

11. **खनन स्थल पर नदी के पाट की चौड़ाई एवं खदान की नदी तट से दूरी** – आवेदन अनुसार खनन स्थल पर नदी के पाट की चौड़ाई – अधिकतम 1,300 मीटर, न्यूनतम 1,285 मीटर तथा खनन स्थल की लंबाई – अधिकतम 215 मीटर, न्यूनतम 204 मीटर एवं चौड़ाई – अधिकतम 201 मीटर, न्यूनतम 198 मीटर दर्शाई गई है। खदान की नदी तट के किनारे से दूरी अधिकतम 105 मीटर, न्यूनतम 88 मीटर है, जबकि इसकी नदी तट से न्यूनतम दूरी 7.5 मीटर अथवा नदी के पाट की चौड़ाई का 10 प्रतिशत होना चाहिए।

12. **खदान स्थल पर रेत की मोटाई** – आवेदन अनुसार स्थल पर रेत की गहराई – 4.81 मीटर तथा रेत खनन की प्रस्तावित गहराई – 2 मीटर दर्शाई गई है। अनुमोदित माईनिंग प्लान अनुसार खदान में माईनेबल रेत की मात्रा – 59,787 घनमीटर है। रेत उत्खनन हेतु प्रस्तावित स्थल पर वर्तमान में उपलब्ध रेत सतह की मोटाई जानने के लिए, प्रस्तावित स्थल पर 4 गढ्ढे (Pits) खोदकर उसकी वास्तविक गहराई का मापन कर, खनिज विभाग से प्रमाणित जानकारी प्रस्तुत की गई है। इसके अनुसार रेत की उपलब्ध औसत मोटाई 4.81 मीटर है। रेत की वास्तविक गहराई हेतु पंचनामा प्रस्तुत किया गया है।

13. **खदान क्षेत्र में रेत सतह के लेवल्स** – रेत उत्खनन हेतु प्रस्तावित स्थल एवं प्रस्तावित स्थल के चारों तरफ में 100 मीटर की दूरी तक, 25 मीटर गुणा 25 मीटर के ग्रिड बिन्दुओं पर पोस्ट–मानसून डाटा दिनांक 22/10/2019, प्री–मानसून डाटा दिनांक 17/06/2020 एवं पोस्ट–मानसून डाटा दिनांक 18/10/2020 को रेत सतह के वर्तमान लेवल्स (Levels) लेकर, उन्हें खनिज विभाग से प्रमाणीकरण उपरांत फोटोग्राफ्स सहित जानकारी/दस्तावेज प्रस्तुत किये गये है।

14. **कॉर्पोरेट पर्यावरणीय दायित्व (C.E.R.)** – परियोजना प्रस्तावक द्वारा समिति के समक्ष विस्तार से चर्चा उपरांत निम्नानुसार विस्तृत प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया है:–

Capital Investment (in Lakh Rupees)	**Percentage of Capital Investment to be Spent**	**Amount for CER Activities (in Lakh Rupees)**	**Amount Proposed & Details for CER Activities (in Lakh Rupees)**	
			Particulars	**CER Fund Allocation (in Lakh Rupees)**
40.23	2%	0.80	Following activities at Nearby Government Primary School, **Village- Birkoni**	
			Rain Water Harvesting System of Complete premises	0.80
			Plantation	
			Total	**0.80**

15. **गैर माईनिंग क्षेत्र** – नदी के पाट की चौड़ाई अधिकतम 1,300 मीटर, न्यूनतम 1,285 मीटर है, जबकि खदान की नदी तट के किनारे से दूरी अधिकतम 105 मीटर, न्यूनतम 88 मीटर है। नये दिशा निर्देशों के अनुसार नदी तट से न्यूनतम 7.5 मीटर अथवा नदी के पाट की चौड़ाई का 10 प्रतिशत दूरी तक के क्षेत्र में खनन नहीं किया जा सकता। माईनिंग प्लान के अनुसार नदी तट के किनारे से खनन क्षेत्र की दूरी नदी के पाट की चौड़ाई का 10 प्रतिशत = 130 मीटर छोड़कर उत्खनन किया जाना प्रस्तावित है, जिसमें 6,785 वर्गमीटर गैर माईनिंग क्षेत्र रखा गया है। अतः रेत उत्खनन का कार्य खदान के अवशेष 3.32 हेक्टेयर क्षेत्र में किया जाना प्रस्तावित है।

16. रेत उत्खनन मैनुअल विधि से एवं भराई का कार्य लोडर द्वारा कराया जाना प्रस्तावित है।

17. परियोजना प्रस्तावक द्वारा 2 मीटर की गहराई तक उत्खनन की अनुमति मांगी है। अनुमोदित उत्खनन योजना में उत्खनन किए जाने वाले क्षेत्र की वार्षिक रेत पुनःभरण संबंधी अध्ययन कार्य एवं तत्संबंधी आंकड़ों का समावेश नहीं किया गया है। महानदी बड़ी नदी है तथा इसमें वर्षाकाल में सामान्यतः 1.5 मीटर गहराई से अधिक रेत का पुनःभराव होने की संभावना है।

समिति द्वारा विचार विमर्श उपरांत सर्वसम्मति से निम्नानुसार निर्णय लिया गया:–

1. आवेदित खदान (ग्राम–बरबसपुर) का रकबा 4 हेक्टेयर है। खदान की सीमा से 500 मीटर की परिधि में स्वीकृत/संचालित खदानों का कुल क्षेत्रफल 5 हेक्टेयर या उससे कम होने के कारण यह खदान बी–2 श्रेणी की मानी गयी।

2. **वृक्षारोपण कार्य** – प्राथमिकता के आधार पर नदी तट पर कुल 2,000 नग पौधे – 1,000 नग अर्जुन के पौधे तथा शेष 1,000 नग (जामुन, करंज, बांस, आम आदि) पौधे लगाए जायेंगे। इसके अतिरिक्त पहुंच मार्ग पर 700 नग पौधे लगाए जायेंगे।

3. परियोजना प्रस्तावक रेत खदान क्षेत्र में आगामी 1.5 वर्ष में विस्तृत गाद अध्ययन (Siltation Study) करायेगा, ताकि रेत के पुनःभरण (Replenishment) बाबत् सही आंकड़े, रेत उत्खनन का नदी, नदीतल, स्थानीय वनस्पति, जीव एवं सूक्ष्म जीवों पर प्रभाव तथा नदी के पानी की गुणवत्ता पर रेत उत्खनन के प्रभाव की सही जानकारी प्राप्त हो सके।

4. **लीज क्षेत्र की सतह का बेसलाईन डाटा** –

   i. रेत खनन उपरांत मानसून के पूर्व (मई माह के अंतिम सप्ताह/जून के प्रथम सप्ताह) इन्ही ग्रिड बिन्दुओं में माईनिंग लीज क्षेत्र तथा लीज क्षेत्र के अपस्ट्रीम एवं डाउनस्ट्रीम में 100 मीटर तक तथा खनन लीज के बाहर / नदी तट (दोनों ओर) से 100 मीटर तक के क्षेत्र में नदी सतह के स्तरों (Levels) का सर्वे पूर्व निर्धारित ग्रिड बिन्दुओं पर किया जायेगा।

   ii. इसी प्रकार मानसून के बाद (अक्टूबर/नवम्बर माह में रेत उत्खनन प्रारंभ करने के पूर्व) इन्ही ग्रिड बिन्दुओं पर रेत सतह के लेवल्स (Levels) का मापन किया जाएगा।

   iii. रेत सतह के पूर्व निर्धारित ग्रिड बिन्दुओं पर रेत सतह के लेवल्स (Levels) के मापन का कार्य आगामी 3 वर्ष तक निरंतर किया जाएगा। पोस्ट–मानसून के आंकड़ें दिसम्बर 2021, 2022, 2023 एवं प्री–मानसून के आंकड़ें अगस्त 2021, 2022, 2023 तक अनिवार्य रूप से एस.ई.आई.ए.ए., छत्तीसगढ़ को प्रस्तुत किए जायेंगे।

5. समिति द्वारा विचार विमर्श उपरांत सर्वसम्मति से श्री मनोज कुमार चंद्राकर, ए–1, बरबसपुर सेण्ड माईन, खसरा क्रमांक 01, ग्राम–बरबसपुर, तहसील व जिला–महासमुंद, कुल लीज क्षेत्रफल 4 हेक्टेयर में से गैर माईनिंग क्षेत्र 6,785 वर्गमीटर क्षेत्र कम करने पर 3.32 हेक्टेयर क्षेत्र में, रेत उत्खनन अधिकतम 1.5 मीटर की गहराई तक सीमित रखते हुए, कुल 49,800 घनमीटर प्रतिवर्ष रेत उत्खनन हेतु **परिशिष्ट–09** में वर्णित शर्तों के अधीन पर्यावरणीय स्वीकृति, जारी दिनांक से 02 वर्ष तक की अवधि हेतु दिये जाने की अनुशंसा की गई। रेत की खुदाई श्रमिकों द्वारा (Manually) की जाएगी। रिवर बेड (River Bed) में भारी वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा। लीज क्षेत्र में स्थित रेत खुदाई गढ्ढे

(Excavation pits) से लोडिंग प्वाईंट तक रेत का परिवहन ट्रैक्टर ट्रॉली द्वारा किया जाएगा।

6. गैर माईनिंग क्षेत्र एवं अवशेष माईनिंग क्षेत्र का मौके पर खनिज विभाग से स्पष्ट सीमांकन कराने के उपरांत ही खनिज विभाग द्वारा उत्खनन की अनुमति दी जाएगी।

7. पूर्व प्राप्त पर्यावरणीय स्वीकृति दिनांक 18/05/2019 में निर्धारित सी.ई.आर. के शेष कार्य एक माह के भीतर पूर्ण किया जाएगा।

राज्य स्तर पर्यावरण समाघात निर्धारण प्राधिकरण (एस.ई.आई.ए.ए.), छत्तीसगढ़ को तदानुसार सूचित किया जाए।

13. मेसर्स श्री मनोज कुमार चंद्राकर (ए–2, बरबसपुर सेण्ड माईन), ग्राम–बरबसपुर, तहसील व जिला–महासमुंद (सचिवालय का नस्ती क्रमांक 1628)

ऑनलाईन आवेदन – प्रपोजल नम्बर – एसआईए / सीजी / एमआईएन / 206973/2021, दिनांक 30/03/2021।

प्रस्ताव का विवरण – यह पूर्व से संचालित रेत खदान (गौण खनिज) है। यह खदान ग्राम–बरबसपुर, तहसील व जिला–महासमुंद स्थित खसरा क्रमांक 175, कुल क्षेत्रफल–4 हेक्टेयर में प्रस्तावित है। उत्खनन महानदी से किया जाता है। खदान की आवेदित उत्खनन क्षमता – 69,480 घनमीटर प्रतिवर्ष है।

परियोजना प्रस्तावक को एस.ई.ए.सी., छत्तीसगढ़ के ज्ञापन दिनांक 21/05/2021 द्वारा प्रस्तुतीकरण हेतु सूचित किया गया।

बैठक का विवरण –

(अ) समिति की 370वीं बैठक दिनांक 27/05/2021:

प्रस्तुतीकरण हेतु श्री बुद्धदेव पाण्डेय, अधिकृत प्रतिनिधि विडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से उपस्थित हुए। समिति द्वारा नस्ती, प्रस्तुत जानकारी का अवलोकन एवं परीक्षण करने पर निम्न स्थिति पाई गईः–

1. **पूर्व में जारी पर्यावरणीय स्वीकृति संबंधी विवरणः–**

   i. पूर्व में सरपंच, ग्राम पंचायत बरबसपुर के नाम से रेत खदान पार्ट ऑफ खसरा क्रमांक 175, क्षेत्रफल 4 हेक्टेयर, क्षमता– 40,000 घनमीटर प्रतिवर्ष हेतु पर्यावरणीय स्वीकृति राज्य स्तर पर्यावरण समाघात निर्धारण प्राधिकरण, छत्तीसगढ़ द्वारा दिनांक 18/05/2019 को जारी की गई। यह स्वीकृति 2 वर्ष तक की अवधि हेतु जारी की गई थी।

   ii. एस.ई.आई.ए.ए., छत्तीसगढ़ के ज्ञापन दिनांक 14/10/2019 द्वारा सरपंच, ग्राम पंचायत बरबसपुर को जारी पर्यावरणीय स्वीकृति को श्री मनोज कुमार चन्द्राकर के नाम पर हस्तांतरण किया गया है।

   iii. पूर्व में जारी पर्यावरणीय स्वीकृति के शर्तो के पालन में की गई कार्यवाही की जानकारी प्रस्तुत की गई है। गाद अध्ययन रिपोर्ट प्रस्तुत नही की गई।

   iv. सी.ई.आर. का कार्य नहीं किया गया है।

v. कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा), जिला–महासमुंद के ज्ञापन क्रमांक 356/क/रेत/न.क्र./2020 महासमुंद, दिनांक 27/02/2021 के अनुसार विगत वर्ष किये गये उत्खनन का विवरण निम्नानुसार हैः–

वर्ष	उत्पादन (घनमीटर)
अक्टूर 2019 से दिसंबर 2019	16,688
जनवरी 2020 से दिसंबर 2020	7,058

vi. निर्धारित शर्तानुसार 800 नग वृक्षारोपण किया गया है।

2. **ग्राम पंचायत का अनापत्ति प्रमाण पत्र** – रेत उत्खनन के संबंध में ग्राम पंचायत बडगांव का दिनांक 28/07/2012 का अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रस्तुत किया गया है।

3. **चिन्हांकित/सीमांकित** – कार्यालय कलेक्टर, खनिज शाखा से प्राप्त प्रमाण पत्र अनुसार यह खदान चिन्हांकित/सीमांकित कर घोषित है।

4. **उत्खनन योजना** – रिवाईज्ड माईनिंग प्लान प्रस्तुत किया गया है, जो संयुक्त संचालक (ख.प्र.), संचालनालय, भौमिकी तथा खनिकर्म, नवा रायपुर अटल नगर के पृ. क्रमांक/1881/खनि02/रेत/उ.यो.अनु./न.क्र.05/2021 नवा रायपुर, दिनांक 24/03/2021 द्वारा अनुमोदित है।

5. **500 मीटर की परिधि में स्थित खदान** – कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा), जिला–महासमुंद के ज्ञापन क्रमांक/451/क/रेत/न.क्र./2021 महासमुंद, दिनांक 18/03/2021 के अनुसार आवेदित खदान से 500 मीटर के भीतर अवस्थित अन्य रेत खदानों की संख्या निरंक है।

6. **200 मीटर की परिधि में स्थित सार्वजनिक क्षेत्र/संरचनाए** – कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा), जिला–महासमुंद के ज्ञापन क्रमांक/451/क/रेत/न.क्र./2021 महासमुंद, दिनांक 18/03/2021 द्वारा जारी प्रमाण पत्र अनुसार उक्त खदान के 200 मीटर की परिधि में कोई भी सार्वजनिक क्षेत्र जैसे मंदिर, मस्जिद, गुरूद्वारा, मरघट, पुल, बांध, राष्ट्रीय राजमार्ग, राज्यमार्ग एवं जल आपूर्ति आदि प्रतिबंधित क्षेत्र निर्मित नहीं है।

7. **लीज का विवरण** – लीज श्री मनोज कुमार चन्द्राकर के नाम पर है। लीज डीड 2 वर्षों अर्थात् दिनांक 16/10/2019 से 15/10/2021 तक की अवधि हेतु वैध है।

8. **डिस्ट्रीक्ट सर्वे रिपोर्ट** – वर्ष 2019 की डिस्ट्रीक्ट सर्वे रिपोर्ट (District Survey Report) की प्रति प्रस्तुत की गई है।

9. **महत्वपूर्ण संरचनाओं की दूरी** – निकटतम आबादी ग्राम–बरबसपुर 1 कि.मी., स्कूल ग्राम–बरबसपुर 1.1 कि.मी. एवं अस्पताल बेलासेण्डा 2.5 कि.मी. की दूरी पर स्थित है। राष्ट्रीय राजमार्ग 1.95 कि.मी. एवं राज्यमार्ग 23.2 कि.मी. दूर है। स्वीकृत रेत खदान के 1 कि.मी. की दूरी तक एनीकट/पुल स्थित नहीं है।

10. **पारिस्थितिकीय/जैवविविधता संवेदनशील क्षेत्र** – परियोजना प्रस्तावक द्वारा 10 कि.मी. की परिधि में अंतर्राज्जीय सीमा, राष्ट्रीय उद्यान, अभयारण्य, केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा घोषित क्रिटिकली पॉल्युटेड एरिया, पारिस्थितिकीय संवेदनशील क्षेत्र या घोषित जैवविविधता क्षेत्र स्थित नहीं होना प्रतिवेदित किया है।

11. **खनन स्थल पर नदी के पाट की चौड़ाई एवं खदान की नदी तट से दूरी** – आवेदन अनुसार खनन स्थल पर नदी के पाट की चौड़ाई – अधिकतम 965 मीटर, न्यूनतम 910 मीटर तथा खनन स्थल की लंबाई – अधिकतम 200 मीटर, न्यूनतम 198 मीटर एवं चौड़ाई – अधिकतम 202 मीटर, न्यूनतम 200 मीटर दर्शाई गई है। खदान की नदी तट के किनारे से दूरी अधिकतम 123 मीटर, न्यूनतम 70 मीटर है, जबकि इसकी नदी तट से न्यूनतम दूरी 7.5 मीटर अथवा नदी के पाट की चौड़ाई का 10 प्रतिशत होना चाहिए।

12. **खदान स्थल पर रेत की मोटाई** – आवेदन अनुसार स्थल पर रेत की गहराई – 4.88 मीटर तथा रेत खनन की प्रस्तावित गहराई – 2 मीटर दर्शाई गई है। अनुमोदित माईनिंग प्लान अनुसार खदान में माईनेबल रेत की मात्रा – 69,480 घनमीटर है। रेत उत्खनन हेतु प्रस्तावित स्थल पर वर्तमान में उपलब्ध रेत सतह की मोटाई जानने के लिए, प्रस्तावित स्थल पर 4 गढ्ढे (Pits) खोदकर उसकी वास्तविक गहराई का मापन कर, खनिज विभाग से प्रमाणित जानकारी प्रस्तुत की गई है। इसके अनुसार रेत की उपलब्ध औसत मोटाई 4.875 मीटर है। रेत की वास्तविक गहराई हेतु पंचनामा भी प्रस्तुत किया गया है।

13. **खदान क्षेत्र में रेत सतह के लेवल्स** – रेत उत्खनन हेतु प्रस्तावित स्थल एवं प्रस्तावित स्थल के चारों तरफ में 100 मीटर की दूरी तक, 25 मीटर गुणा 25 मीटर के ग्रिड बिन्दुओं पर पोस्ट–मानसून डाटा दिनांक 22/10/2019, प्री–मानसून डाटा दिनांक 17/06/2020 एवं पोस्ट–मानसून डाटा दिनांक 18/10/2020 को रेत सतह के वर्तमान लेवल्स (Levels) लेकर, उन्हें खनिज विभाग से प्रमाणीकरण उपरांत फोटोग्राफ्स सहित जानकारी/दस्तावेज प्रस्तुत किये गये है।

14. **कॉर्पोरेट पर्यावरणीय दायित्व (C.E.R.)** – परियोजना प्रस्तावक द्वारा समिति के समक्ष विस्तार से चर्चा उपरांत निम्नानुसार विस्तृत प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया है:–

Capital Investment (in Lakh Rupees)	**Percentage of Capital Investment to be Spent**	**Amount for CER Activities (in Lakh Rupees)**	**Amount Proposed & Details for CER Activities (in Lakh Rupees)**	
			Particulars	**CER Fund Allocation (in Lakh Rupees)**
40.23	2%	0.81	Following activities at Nearby Government High School, **Village- Birkoni**	
			Rain Water Harvesting System	0.78
			Plantation	0.10
			Total	**0.88**

15. **गैर माईनिंग क्षेत्र** – नदी के पाट की चौड़ाई 965 मीटर, न्यूनतम 910 मीटर है, जबकि खदान की नदी तट के किनारे से दूरी अधिकतम 123 मीटर, न्यूनतम 70 मीटर है। नये दिशा निर्देशों के अनुसार नदी तट से न्यूनतम 7.5 मीटर अथवा नदी के पाट की चौड़ाई का 10 प्रतिशत दूरी तक के क्षेत्र में खनन नहीं किया जा सकता। माईनिंग प्लान के अनुसार नदी तट के किनारे से खनन क्षेत्र की दूरी नदी के पाट की चौड़ाई का 10 प्रतिशत छोड़कर उत्खनन किया जाना

प्रस्तावित है, जिसमें 1,400 वर्गमीटर गैर माईनिंग क्षेत्र रखा गया है। अतः रेत उत्खनन का कार्य खदान के अवशेष 3.86 हेक्टेयर क्षेत्र में किया जाना प्रस्तावित है।

16. रेत उत्खनन मैनुअल विधि से एवं भराई का कार्य लोडर द्वारा कराया जाना प्रस्तावित है।

17. परियोजना प्रस्तावक द्वारा 2 मीटर की गहराई तक उत्खनन की अनुमति मांगी है। अनुमोदित उत्खनन योजना में उत्खनन किए जाने वाले क्षेत्र की वार्षिक रेत पुनःभरण संबंधी अध्ययन कार्य एवं तत्संबंधी आंकड़ों का समावेश नहीं किया गया है। महानदी बड़ी नदी है तथा इसमें वर्षाकाल में सामान्यतः 1.5 मीटर गहराई से अधिक रेत का पुनःभराव होने की संभावना है।

समिति द्वारा विचार विमर्श उपरांत सर्वसम्मति से निम्नानुसार निर्णय लिया गया:–

1. आवेदित खदान (ग्राम–बरबसपुर) का रकबा 4 हेक्टेयर है। खदान की सीमा से 500 मीटर की परिधि में स्वीकृत/संचालित खदानों का कुल क्षेत्रफल 5 हेक्टेयर या उससे कम होने के कारण यह खदान बी–2 श्रेणी की मानी गयी।

2. **वृक्षारोपण कार्य** – प्राथमिकता के आधार पर नदी तट पर कुल 2,700 नग पौधे – 1,400 नग अर्जुन के पौधे तथा शेष 1,300 नग (जामुन, करंज, बांस, आम आदि) पौधे लगाए जायेंगे। इसके अतिरिक्त पहुंच मार्ग पर 700 नग पौधे लगाए जायेंगे।

3. परियोजना प्रस्तावक रेत खदान क्षेत्र में आगामी 1.5 वर्ष में विस्तृत गाद अध्ययन (Siltation Study) करायेगा, ताकि रेत के पुनःभरण (Replenishment) बाबत् सही आंकड़े, रेत उत्खनन का नदी, नदीतल, स्थानीय वनस्पति, जीव एवं सूक्ष्म जीवों पर प्रभाव तथा नदी के पानी की गुणवत्ता पर रेत उत्खनन के प्रभाव की सही जानकारी प्राप्त हो सके।

4. **लीज क्षेत्र की सतह का बेसलाईन डाटा** –

   i. रेत खनन उपरांत मानसून के पूर्व (मई माह के अंतिम सप्ताह/जून के प्रथम सप्ताह) इन्ही ग्रिड बिन्दुओं में माईनिंग लीज क्षेत्र तथा लीज क्षेत्र के अपस्ट्रीम एवं डाउनस्ट्रीम में 100 मीटर तक तथा खनन लीज के बाहर / नदी तट (दोनों ओर) से 100 मीटर तक के क्षेत्र में नदी सतह के स्तरों (Levels) का सर्वे पूर्व निर्धारित ग्रिड बिन्दुओं पर किया जायेगा।

   ii. इसी प्रकार मानसून के बाद (अक्टूबर/नवम्बर माह में रेत उत्खनन प्रारंभ करने के पूर्व) इन्ही ग्रिड बिन्दुओं पर रेत सतह के लेवल्स (Levels) का मापन किया जाएगा।

   iii. रेत सतह के पूर्व निर्धारित ग्रिड बिन्दुओं पर रेत सतह के लेवल्स (Levels) के मापन का कार्य आगामी 3 वर्ष तक निरंतर किया जाएगा। पोस्ट–मानसून के आंकड़ें दिसम्बर 2021, 2022, 2023 एवं प्री–मानसून के आंकड़ें अगस्त 2021, 2022, 2023 तक अनिवार्य रूप से एस.ई.आई.ए.ए., छत्तीसगढ़ को प्रस्तुत किए जायेंगे।

5. समिति द्वारा विचार विमर्श उपरांत सर्वसम्मति से श्री मनोज कुमार चंद्राकर, ए–2, बरबसपुर सेण्ड माईन, खसरा क्रमांक 175, ग्राम–बरबसपुर, तहसील व जिला–महासमुंद, कुल लीज क्षेत्रफल 4 हेक्टेयर में से गैर माईनिंग क्षेत्र 1,400

वर्गमीटर क्षेत्र कम करने पर 3.86 हेक्टेयर क्षेत्र में, रेत उत्खनन अधिकतम 1.5 मीटर की गहराई तक सीमित रखते हुए, कुल 57,900 घनमीटर प्रतिवर्ष रेत उत्खनन हेतु **परिशिष्ट–10** में वर्णित शर्तों के अधीन पर्यावरणीय स्वीकृति, जारी दिनांक से 02 वर्ष तक की अवधि हेतु दिये जाने की अनुशंसा की गई। रेत की खुदाई श्रमिकों द्वारा (Manually) की जाएगी। रिवर बेड (River Bed) में भारी वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा। लीज क्षेत्र में स्थित रेत खुदाई गढ्ढे (Excavation pits) से लोडिंग प्वाईंट तक रेत का परिवहन ट्रैक्टर ट्रॉली द्वारा किया जाएगा।

6. गैर माईनिंग क्षेत्र एवं अवशेष माईनिंग क्षेत्र का मौके पर खनिज विभाग से स्पष्ट सीमांकन कराने के उपरांत ही खनिज विभाग द्वारा उत्खनन की अनुमति दी जाएगी।

7. पूर्व प्राप्त पर्यावरणीय स्वीकृति दिनांक 18/05/2019 में निर्धारित सी.ई.आर. के कार्य एक माह के भीतर पूर्ण किया जाएगा।

राज्य स्तर पर्यावरण समाघात निर्धारण प्राधिकरण (एस.ई.आई.ए.ए.), छत्तीसगढ़ को तदानुसार सूचित किया जाए।

14. मेसर्स इंसपायर इण्डस्ट्रीज प्राईवेट लिमिटेड, ग्राम–भेलाई, तहसील–बलोदा, जिला–जांजगीर चांपा (सचिवालय का नस्ती क्रमांक 766)

ऑनलाईन आवेदन – पूर्व में प्रपोजल नम्बर – एसआईए/ सीजी/ सीएमआईएन/ 30868/ 2019, दिनांक 25/01/2019 द्वारा टी.ओ.आर हेतु आवेदन किया गया था। वर्तमान में प्रपोजल नम्बर – एसआईए/ सीजी/ सीएमआईएन/ 62224/ 2019, दिनांक 25/03/2021 द्वारा पर्यावरणीय स्वीकृति प्राप्त करने के लिए फाईनल ई.आई.ए. रिपोर्ट प्रस्तुत किया गया।

प्रस्ताव का विवरण – परियोजना प्रस्तावक द्वारा ग्राम–भेलाई, तहसील–बलोदा, जिला–जांजगीर चांपा स्थित खसरा क्रमांक 183, 217/1, 218, 219, 220, 221, 222, 223, 224, 298/1, 298/2, 298/3, 298/4, 181, 237/18, 236/6, 237/1, 236/1, 235, 236/7, 236/3, 236/4, 236/5, 299/1, 299/2, 237/19, 164/2 एवं 177, कुल क्षेत्रफल – 8.431 हेक्टेयर में कोल वॉशरी क्षमता – 0.99 मिलियन टन प्रतिवर्ष के पर्यावरणीय स्वीकृति हेतु आवेदन किया गया है। परियोजना का प्रस्तवित विनियोग रुपए 23 करोड़ होगा।

पूर्व में एस.ई.ए.सी. छत्तीसगढ़ के ज्ञापन दिनांक 06/05/2019 द्वारा प्रकरण बी–1 केटेगरी का होने के कारण भारत सरकार पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा अप्रैल, 2015 में प्रकाशित स्टैण्डर्ड टर्म्स ऑफ रिफरेंस (टीओआर) फॉर ईआईए/ईएमपी रिपोर्ट फॉर प्रोजेक्ट्स/एक्टीविटीज रिक्वायरिंग इन्वायरमेंट क्लीयरेंस अण्डर ईआईए नोटिफिकेशन, 2006 में वर्णित श्रेणी 2(ए) का स्टैण्डर्ड टीओआर (लोक सुनवाई सहित) कोल वॉशरी क्षमता–0.99 मिलियन टन प्रतिवर्ष वेट टाईप हेतु जारी किया गया।

एस.ई.ए.सी. छत्तीसगढ़ के ज्ञापन दिनांक 07/09/2019 द्वारा जारी टीओआर (लोक सुनवाई सहित) में ग्राम–भेलाई, तहसील–बलोदा, जिला–जांजगीर चांपा स्थित खसरा क्रमांक 183, 217/1, 218, 219, 220, 221, 224, 223, 222, 298/1, 298/2, 298/3, 298/4, 181, 237/18, 236/6, 237/1, 236/1, 235, 236/7,

236/3, 236/4, 236/5, 299/1, 299/2, 237/19, 164/2 एवं 177, कुल क्षेत्रफल – 0.99 हेक्टेयर के स्थान पर 8.431 हेक्टेयर में कोल वॉशरी क्षमता – 0.99 मिलियन टन प्रतिवर्ष हेतु टीओआर के विषय एवं प्रस्ताव के विवरण में संशोधन जारी किया गया। तत्पश्चात् परियोजना प्रस्तावक द्वारा फाईनल ई.आई.ए. रिपोर्ट दिनांक 25/03/2021 को प्रस्तुत किया गया है।

परियोजना प्रस्तावक को एस.ई.ए.सी., छत्तीसगढ़ के ज्ञापन दिनांक 21/05/2021 द्वारा प्रस्तुतीकरण हेतु सूचित किया गया।

बैठक का विवरण –

(अ) समिति की 370वीं बैठक दिनांक 27/05/2021:

प्रस्तुतीकरण हेतु श्री विशाल कुमार जैन, डॉयरेक्टर एवं पर्यावरण सलाहकार मेसर्स विमता लेब्स लिमिटेड, हैदराबाद की ओर से श्रीमती दुर्गा भवानी विडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से उपस्थित हुए। समिति द्वारा नस्ती, प्रस्तुत जानकारी का अवलोकन एवं परीक्षण करने पर निम्न स्थिति पाई गईः–

1. यह प्रस्तावित परियोजना एक वेट टाईप कोल वॉशरी है, जो हैवी मिडिया साइक्लोन टेक्नोलॉजी पर आधारित होगी।

2. **समीपस्थ स्थित क्रियाकलापों संबंधी जानकारी –**

   - समीपस्थ आबादी ग्राम–भेलाई 0.7 कि.मी. एवं शहर बलोदा 4 कि.मी. की दूरी पर स्थित है। निकटतम रेलवे स्टेशन अकलतरा 12 कि.मी. की दूरी पर स्थित है। राष्ट्रीय राजमार्ग 6 कि.मी. दूर स्थित है। लीलागर नदी 4.9 कि.मी., हसदेव राईट बैंक केनाल 3.4 कि.मी. एवं हसदेव नदी 14.3 कि.मी. की दूरी पर है।

   - संरक्षित वन बुरगहन 0.3 कि.मी., आरक्षित वन बिटकुली 5.9 कि.मी. एवं दल्हा संरक्षित वन 11.3 कि.मी. की दूरी पर स्थित है।

   - परियोजना प्रस्तावक द्वारा 10 कि.मी. की परिधि में अंतर्राज्जीय सीमा, राष्ट्रीय उद्यान, अभयारण्य, केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा घोषित क्रिटिकली पॉल्युटेड क्षेत्र, पारिस्थितिकीय संवेदनशील क्षेत्र या घोषित जैवविविधता क्षेत्र स्थित नहीं होना प्रतिवेदित किया है।

3. ग्राम पंचायत भेलाई दिनांक 28/07/2018 का अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रस्तुत किया गया है।

4. **लेण्ड एरिया स्टेटमेंट** – कुल एरिया 8.43 हेक्टेयर (20.83 एकड़) है, जिसमें से कोल वॉशरी प्लांट 1.69 हेक्टेयर, रॉ–कोल, क्लीन कोल, मिडलिंग एवं रिजेक्ट्स स्टॉक यार्ड 1.85 हेक्टेयर, अन्य सुविधाओं हेतु 1.1 हेक्टेयर एवं ग्रीन बेल्ट 3.79 हेक्टेयर (45 प्रतिशत) में प्रस्तावित है।

5. **रॉ–मटेरियल** – रॉ–कोल 0.99 मिलियन टन प्रतिवर्ष उपयोग किया जाएगा। वाश्ड कोल 0.792 मिलियन टन प्रतिवर्ष एवं रिजेक्ट्स कोल 0.198 मिलियन टन प्रतिवर्ष उत्पन्न होगा। रॉ–कोल एस.ई.सी.एल. कुसमुंडा, गेवरा एवं दीपका खदानों से आपूर्ति किया जाना प्रस्तावित है। खदानों से वॉशरी तक रॉ–कोल का परिवहन सड़क मार्ग से ढंके हुये वाहनों द्वारा किया जाएगा। वॉशरी से वाश्ड कोल एवं रिजेक्ट्स का परिवहन रेल मार्ग एवं सड़क मार्ग से ढंके हुये वाहनों द्वारा किया जाएगा। वाश्ड कोल का परिवहन 50 प्रतिशत तक सड़क मार्ग से एवं

50 प्रतिशत तक रेलमार्ग से तथा रॉ–कोल का परिवहन पूर्ण रूप से सड़क मार्ग से किया जाएगा।

6. **वायु प्रदूषण नियंत्रण व्यवस्था** – कोल क्रशर इकाई, रोटरी ब्रेकर एवं स्क्रीन हाऊस में डस्ट एक्सट्रेक्शन सिस्टम के साथ बेग फिल्टर, ड्राई फॉग सिस्टम की स्थापना किया जाएगा। सभी कोल कन्व्हेयर बेल्ट्स को ढ़ंका जाकर बेग फिल्टर जोड़ा जाना प्रस्तावित है। साथ ही डस्ट सप्रेशन / फ्यूजिटिव डस्ट उत्सर्जन के नियंत्रण हेतु जल छिड़काव की व्यवस्था किया जाना प्रस्तावित है।

7. **ठोस अपशिष्ट अपवहन व्यवस्था** – वॉशरी रिजेक्ट्स लगभग 0.198 मिलियन टन प्रतिवर्ष उत्पन्न होगा। प्रस्तुतीकरण के दौरान बताया गया कि कोल वाशरी से उत्पन्न रिजेक्ट्स को आस–पास पावर प्लांटों एवं अन्य उद्योगों को ईंधन के रूप में उपयोग (उद्योगों से किये गये एम.ओ.यु के आधार पर) हेतु उपलब्ध कराया जाएगा। उत्पन्न कोल फाइन स्लज की मात्रा 2 से 3 प्रतिशत को उपभोक्ताओं को उपलब्ध कराया जाएगा।

8. **जल प्रबंधन व्यवस्था** –

- **जल खपत एवं स्त्रोत** – परियोजना हेतु कुल 250 घनमीटर प्रतिदिन का उपयोग किया जाना प्रस्तावित है। आवश्यक जल की आपूर्ति भू–जल एवं रेन वॉटर हार्वेस्टिंग हेतु निर्मित तालाबों में एकत्रित जल से की जाएगी। आवश्यक जल की आपूर्ति हेतु सेन्ट्रल ग्राउण्ड वॉटर अथॉरिटी द्वारा 250 घनमीटर प्रतिदिन जल दोहन की अनुमति दी गई है, जिसकी वैधता दिनांक 25/03/2021 से 24/03/2024 तक की अवधि हेतु है। भू–जल का उपयोग कम से कम किया जाएगा।

- **जल प्रदूषण नियंत्रण व्यवस्था** – उद्योग द्वारा वेट प्रोसेस पर आधारित कोल वॉशरी स्थापित किया जाएगा। क्लोज्ड लूप वॉटर सिस्टम व्यवस्था की जाएगी। प्रक्रिया से उत्पन्न दूषित जल के उपचार हेतु थिकनर, बेल्ट प्रेस एवं सेटलिंग पॉण्ड की स्थापना किया जाना प्रस्तावित है। औद्योगिक प्रक्रिया से उत्पन्न दूषित जल को उपरोक्तानुसार उपचार उपरांत पुनः प्रक्रिया में तथा परिसर के भीतर वृक्षारोपण में उपयोग किया जाना प्रस्तावित है। घरेलू दूषित जल की मात्रा 27 घनमीटर प्रतिदिन होगा, जिसके उपचार हेतु सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट लगाया जाना प्रस्तावित है। शून्य निस्सारण की स्थिति रखी जाएगी।

- दूषित जल के उपचार हेतु थिकनर प्लांट की क्षमता 4.5 लाख लीटर (व्यास 14 मीटर) एवं बेल्ट प्रेस की क्षमता 40 टीपीएच होगी।

- दूषित जल के उपचार हेतु एमबीबीआर आधारित 30 घनमीटर प्रतिदिन क्षमता का सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट के अंतर्गत बार स्क्रीन चेंबर, ऑयल एण्ड ग्रीस ट्रेप चेंबर, इक्विलाइजेशन टैंक, एयर डिस्ट्रीब्युशन सिस्टम, मुविंग बेड बायोरिएक्टर, ट्यूब डेक मीडिया क्लेरीफायर, क्लीन वॉटर टैंक, ड्यूल मीडिया फिल्टरेशन एण्ड कार्बन फिल्टरेशन सिस्टम, अल्ट्रा फिल्टरेशन ब्लॉक एण्ड डिसइंफेक्शन, स्लज कलेक्शन टैंक, फिल्टर प्रेस, एक्टिवेटेड कार्बन फिल्टर, आदि स्थापित किया जाएगा।

- **भू–जल उपयोग प्रबंधन** – परियोजना स्थल सेंट्रल ग्राउण्ड वाटर बोर्ड के अनुसार सेफ जोन में आता है। जिसके अनुसार–

(अ) वृहद एवं मध्यम उद्योगों को कम से कम 40 प्रतिशत दूषित जल का पुनःचक्रण एवं पुनःउपयोग किया जाना है।

(ब) ग्राउण्ड वाटर रिचार्ज हेतु अपनाई गई तकनीक यथा रेनवाटर हार्वेस्टिंग / ऑर्टिफिशियल जल रिचार्ज के आधार पर भू–जल निकाले जाने की अनुमति सेंट्रल ग्राउण्ड वाटर बोर्ड द्वारा दिये जाने का प्रावधान है। अतः उद्योग को रेनवाटर हार्वेस्टिंग व्यवस्था किया जाना आवश्यक है।

- **रेन वॉटर हार्वेस्टिंग व्यवस्था** – उद्योग परिसर में वर्षा के पानी का कुल रनऑफ 37,672 घनमीटर प्रतिवर्ष है। रेन वॉटर हार्वेस्टिंग व्यवस्था के अंतर्गत 15,552 घनमीटर क्षमता के 2 तालाब (लंबाई 60 मीटर, चौड़ाई 60 मीटर, गहराई 8 मीटर) एवं 9,360 घनमीटर क्षमता का 1 तालाब (लंबाई 50 मीटर, चौड़ाई 50 मीटर, गहराई 8 मीटर) निर्मित किया जाना प्रस्तावित है। प्रस्तावित रेन वॉटर हार्वेस्टिंग व्यवस्था के पश्चात् परिसर के पूर्ण रनऑफ को तालाबों में एकत्रित किया जाएगा। एकत्रित जल का उपयोग वॉशरी में किया जाएगा।

9. **विद्युत आपूर्ति स्त्रोत** – परियोजना हेतु 820 के.व्ही.ए. विद्युत की आवश्यकता होगी। विद्युत की आपूर्ति छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड से किया जाएगा। वैकल्पिक व्यवस्था हेतु डी.जी. सेट स्थापित किया जाएगा। डी.जी. सेट को एकॉस्टिक इंक्लोजर में स्थापित किया जाएगा।

10. **वृक्षारोपण संबंधी विवरण** – हरित पट्टिका के विकास हेतु कुल क्षेत्रफल के 3.79 हेक्टेयर (45 प्रतिशत) क्षेत्र में 12,000 नग पौधे रोपित किया जाना प्रस्तावित है। परिसर के चारों तरफ 15 मीटर ग्रीन बेल्ट का विकास किया जाएगा।

11. **ई.आई.ए. रिपोर्ट का विश्लेषणः–**

    i. **जल एवं वायु आदि गुणवत्ता संबंधी जानकारी** – मॉनिटरिंग कार्य फरवरी, 2019 से अप्रैल, 2019 के मध्य किया गया है। 10 किलोमीटर के अंतर्गत 10 स्थानों पर परिवेशीय वायु गुणवत्ता मापन, 10 स्थानों पर भू–जल गुणवत्ता मापन, 10 स्थानों पर ध्वनि स्तर मापन, 2 स्थलों पर सतही जल गुणवत्ता तथा 10 स्थानों पर मिट्टी के नमूने एकत्रित कर विश्लेषण किया गया है।

    ii. मॉनिटरिंग परिणामों के अनुसार पी.एम.$_{2.5}$ 14.2 से 32.5 माईक्रोग्राम/घनमीटर, पी.एम.$_{10}$ 24.6 से 48.6 माईक्रोग्राम/घनमीटर, एसओ$_2$ 8.4 से 15.5 माईक्रोग्राम/घनमीटर तथा एनओ$_{एक्स}$ 11.4 से 18.4 माईक्रोग्राम/घनमीटर पाई गई है। जो निर्धारित मानक के अनुरूप है।

    iii. परियोजना स्थल के आसपास जल स्त्रोतों की गुणवत्ता भारतीय मानक के अनुसार है।

    iv. परिवेशीय ध्वनि स्तर (Day time) 44.2 डीबीए से 47.1 डीबीए एवं ध्वनि स्तर (Night time) 40.6 डीबीए से 43.5 डीबीए पाया गया। जो उक्त क्षेत्र के निर्धारित मानक के अनुरूप है।

12. लोक सुनवाई दिनांक 25/02/2021 दोपहर 02:00 बजे स्थान डॉ भीमराव अम्बेडकर प्रांगण, शासकीय कॉलेज बलोदा, ग्राम–भेलाई, तहसील–बलोदा, जिला–जांजगीर चांपा में संपन्न हुई। लोक सुनवाई दस्तावेज सदस्य सचिव,

छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल, नवा रायपुर अटल नगर, जिला–रायपुर के पत्र दिनांक 19/03/2021 द्वारा प्रेषित किया गया है।

13. **जनसुनवाई के दौरान मुख्य रूप से निम्न सुझाव/विचार प्रस्तुत किये गये हैं:–**

i. प्राथमिकता के आधार पर संबंधित ग्रामों के स्थानीय लोगों को ही रोजगार दिया जाना चाहिए।

ii. वॉशरी की स्थापना हेतु जिन किसानों की जमीन खरीदी गई है, उन्हें उचित मुआवजा नहीं दिया गया। साथ ही उन परिवार के सदस्यों को रोजगार उपलब्ध कराया जाये।

iii. प्रस्तावित कोल वॉशरी से उत्पन्न धूल एवं वर्षा का जल संयंत्र क्षेत्र से बाहर जाने से आस–पास की फसलों को नुकसान होगा।

iv. सीएसआर मद से विकास कार्य से संबंधित कार्य अवश्य कराया जाए।

लोक सुनवाई के दौरान उठाये गये विभिन्न मुद्दों के निराकरण की दिशा में परियोजना प्रस्तावक की ओर से उपस्थित प्रतिनिधि/कंसलटेंट का कथन निम्नानुसार है:–

i. शिक्षित बेरोजगारों को योग्यता के आधार पर स्थानीय लोगों को आवश्यकतानुसार रोजगार हेतु प्राथमिकता दी जायेगी।

ii. आपसी सहमति से तय दामों के आधार पर किसानों से उनकी भूमि खरीदी गई है एवं उनका पंजीयन कराया गया है। वॉशरी के 10 किलोमीटर के भीतर के शिक्षित बेरोजगारों को योग्यता के आधार पर स्थानीय लोगों को प्राथमिकता दी जाती है।

iii. प्रस्तावित कोल वॉशरी के 15 मीटर तक बॉउण्ड्री वॉल के साथ–साथ सघन वृक्षारोपण किया जायेगा। साथ ही पौधों की सिंचाई की व्यवस्था की जायेगी, जिससे पौधे शीघ्र बडे होंगे एवं वॉशरी की धूल को बाहर जाने से रोकेंगे। साथ ही संयंत्र के चारों तरफ चेक डेम सहित नालियाँ बनाकर एक या दो बड़े तालाब संयंत्र क्षेत्र में बनाकर वर्षा का पूरा जल एकत्रित किया जाएगा। जिससे जल बाहर नहीं जाएगा। तदोपरांत तालाब में एकत्रित जल को वृक्षारोपण में, सड़कों पर जल छिड़काव हेतु तथा जल के स्वच्छ होने पर संयंत्र में उपयोग किया जाएगा।

iv. सीएसआर मद के तहत् आस–पास के 10 किलोमीटर के भीतर स्थित ग्रामीणों के विकास के लिए व्यय किया जायेगा।

14. परियोजना प्रस्तावक द्वारा सी.ई.आर. (Corporate Environment Responsibility) हेतु समिति के समक्ष विस्तार से चर्चा उपरांत निम्नानुसार विस्तृत प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया है:–

Capital Investment (in Lakh Rupees)	Percentage of Capital Investment to be Spent	Amount for CER Activities (in Lakh Rupees)	Amount Proposed & Details for CER Activities (in Lakh Rupees)	
			Particulars	CER Fund Allocation (in Lakh Rupees)

2300	2%	46	Following activities at nearby Government 32 Schools, 1 govt college and 1 ITI college as per proposal	
			Rain Water Harvesting System	33.50
			Potable Drinking water Facility	5.85
			Running water facility for Toilets	6.75
			Plantation with fencing	3.20
			Total	**49.30**

प्रस्तावित कार्य शासकीय प्राथमिक शाला भेलाई, डॉ. भीमराव अम्बेडकर महाविद्यालय भेलाई, शासकीय माध्यमिक एवं उच्चतर माध्यमिक शाला डोगरी, शासकीय प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला कटरा, शासकीय माध्यमिक एवं उच्चतर माध्यमिक शाला बुधगहन, शासकीय प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला खिसोरा, शासकीय प्राथमिक शाला चारपारा, शासकीय माध्यमिक एवं उच्चतर माध्यमिक शाला हरदीबाजार, शासकीय माध्यमिक एवं उच्चतर माध्यमिक शाला जुनाडीह, शासकीय माध्यमिक एवं उच्चतर माध्यमिक शाला कोरबी, शासकीय आई.टी.आई. महूदा, शासकीय माध्यमिक एवं उच्चतर माध्यमिक शाला महूदा, शासकीय माध्यमिक एवं उच्चतर माध्यमिक शाला जावलपुर, शासकीय माध्यमिक एवं उच्चतर माध्यमिक शाला भेनस्तरा, शासकीय माध्यमिक एवं उच्चतर माध्यमिक शाला रसौटा, शासकीय माध्यमिक एवं उच्चतर माध्यमिक शाला जरवे, शासकीय प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला भूचीहरदी, शासकीय माध्यमिक एवं उच्चतर माध्यमिक शाला पंतोरा तथा शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक शाला एवं शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक शाला बलौदा में किया जाएगा।

उपरोक्त तथ्यों के आधार पर **समिति द्वारा विचार विमर्श उपरांत सर्वसम्मति से** मेसर्स इंसपायर इण्डस्ट्रीज प्राईवेट लिमिटेड, ग्राम–भेलाई, तहसील–बलोदा, जिला–जांजगीर चांपा स्थित खसरा क्रमांक 183, 217/1, 218, 219, 220, 221, 222, 223, 224, 298/1, 298/2, 298/3, 298/4, 181, 237/18, 236/6, 237/1, 236/1, 235, 236/7, 236/3, 236/4, 236/5, 299/1, 299/2, 237/19, 164/2 एवं 177, कुल क्षेत्रफल – 8.431 हेक्टेयर में कोल वॉशरी क्षमता – 0.99 मिलियन टन प्रतिवर्ष हेतु **परिशिष्ट–11** में वर्णित शर्तों के अधीन पर्यावरणीय स्वीकृति दिए जाने की अनुशंसा की जाए।

राज्य स्तर पर्यावरण समाघात निर्धारण प्राधिकरण (एस.ई.आई.ए.ए.), छत्तीसगढ़ को तदानुसार सूचित किया जाए।

15. मेसर्स इस्पात इंडिया, सिलतरा इण्डस्ट्रीयल ग्रोथ सेंटर, फेज 2, सिलतरा, तहसील व जिला – रायपुर (सचिवालय का नस्ती क्रमांक 728ए)

ऑनलाईन आवेदन – पूर्व में प्रपोजल नम्बर – एसआईए/ सीजी/ आईएनडी/ 27903/2018, दिनांक 28/06/2018 द्वारा टी.ओ.आर हेतु आवेदन किया गया था। वर्तमान में प्रपोजल नम्बर – एसआईए/ सीजी/ आईएनडी/ 27903/ 2018, दिनांक 06/05/2021 द्वारा पर्यावरणीय स्वीकृति प्राप्त करने के लिए फाईनल ई.आई.ए. रिपोर्ट प्रस्तुत किया गया।

प्रस्ताव का विवरण – परियोजना प्रस्तावक द्वारा क्षमता विस्तार के तहत् प्लाट नं. 4, 9 एवं 10, कुल एरिया 2.35 हेक्टेयर, सिलतरा इण्डस्ट्रीयल ग्रोथ सेंटर, फेज 2, सिलतरा, तहसील व जिला–रायपुर में एम.एस बिलेट्स (थ्रु इण्डक्शन फर्नेंस) क्षमता–59,000 टन प्रतिवर्ष से बढ़ाकर 1,46,520 टन प्रतिवर्ष एवं रि–रोल्ड स्टील प्रोडक्ट्स क्षमता–55,000 टन प्रतिवर्ष से बढ़ाकर 1,39,194 टन प्रतिवर्ष के पर्यावरणीय स्वीकृति हेतु आवेदन किया गया है। क्षमता विस्तार के पश्चात् परियोजना का विनियोग रुपये 44.67 करोड़ होगा।

पूर्व में एस.ई.ए.सी. छत्तीसगढ़ के ज्ञापन दिनांक 04/12/2018 द्वारा प्रकरण बी–1 केटेगरी का होने के कारण भारत सरकार के पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा अप्रैल 2015 में प्रकाशित स्टैण्डर्ड टर्म्स ऑफ रिफरेंस (टीओआर) फॉर ईआईए/ईएमपी रिपोर्ट फॉर प्रोजेक्ट्स/एक्टीविटीज रिक्वायरिंग इन्वायरमेंट क्लीयरेंस अण्डर ईआईए नोटिफिकेशन, 2006 में वर्णित श्रेणी 3(ए) का स्टैण्डर्ड टीओआर (लोक सुनवाई सहित) मेटालर्जिकल इण्डस्ट्रीज (फेरस एण्ड नॉन–फेरस) हेतु जारी किया गया। तत्पश्चात् परियोजना प्रस्तावक द्वारा फाईनल ई.आई.ए. रिपोर्ट दिनांक 06/05/2021 को प्रस्तुत किया गया है।

परियोजना प्रस्तावक को एस.ई.ए.सी., छत्तीसगढ़ के ज्ञापन दिनांक 21/05/2021 द्वारा प्रस्तुतीकरण हेतु सूचित किया गया।

बैठक का विवरण –

(अ) समिति की 370वीं बैठक दिनांक 27/05/2021:

प्रस्तुतीकरण हेतु श्री शाहिल सिंगला एवं श्री योगेश गुप्ता, पार्टनर तथा पर्यावरण सलाहकार मेसर्स एनॉकान लेवोरट्रीज प्राईवेट लिमिटेड, नागपुर की ओर से श्री श्रीकांत बी. व्यवहारे विडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से उपस्थित हुए। समिति द्वारा नस्ती, प्रस्तुत जानकारी का अवलोकन एवं परीक्षण करने पर निम्न स्थिति पाई गईः–

1. **पूर्व जारी पर्यावरणीय स्वीकृति संबंधी विवरणः–**

- पूर्व में एस.ई.ए.सी., छत्तीसगढ़ के पत्र क्रमांक 284 दिनांक 12/06/2017 द्वारा इण्डक्शन फर्नेंस क्षमता–30,000 टन प्रतिवर्ष से 59,000 टन प्रतिवर्ष एवं री–रोल्ड स्टील प्रोडक्ट्स क्षमता–30,000 टन प्रतिवर्ष से 55,000 टन प्रतिवर्ष हेतु पर्यावरणीय स्वीकृति जारी की गई थी।

- क्षेत्रीय कार्यालय, भारत सरकार, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, नागपुर के ज्ञापन दिनांक 07/06/2019 द्वारा पूर्व में जारी पर्यावरणीय स्वीकृति की शर्तो के पालन में की गई कार्यवाही की जानकारी प्रस्तुत की गई है, जिसके अनुसार शर्त क्रमांक 14 एवं 24 का पूर्णतः पालन नहीं किया गया है एवं शर्त क्रमांक 2, 4, 5, 9, 12 एवं 15 का आंशिक पालन बताया गया है।

- परियोजना प्रस्तावक द्वारा अपूर्ण शर्तों के संबंध में निम्नानुसार कार्यवाही किया जाना बताया गयाः–

  I. वृक्षारोपण का कार्य अटल नगर के प्रस्तावित स्थल में किये जाने के संबंध में जमा किये गये राशि रसीद की प्रति प्रस्तुत की गई है तथा उद्योग से लगी हुई अतिरिक्त भूमि 0.76 हेक्टेयर (प्लाट नं. 10) संबंधी लीज डीड की प्रति प्रस्तुत की गई है।

II. छःमाही रिपोर्ट को परिवेश के वेब साईट में अपलोड किये जाने की जानकारी प्रस्तुत की गई है।

III. हाउस किपिंग एवं सेप्टिक टैंक में सुधार कार्य किया गया है।

IV. मॉनिटरिंग प्लेटफार्म में सुविधाजनक सीढ़ी की व्यवस्था एवं फ्युजिटीव डस्ट उत्सर्जन नियंत्रण हेतु अतिरिक्त स्प्रिंकल्रस की व्यवस्था की गई है।

V. परिवेशीय वायु गुणवत्ता मापन (पी.एम.$_{10}$ एवं पी.एम.$_{2.5}$) हेतु एम्बिएंट एयर क्वालिटी (ए.ए.क्यु.) मॉनिटरिंग लॉगबुक की प्रति प्रस्तुत की गई है।

VI. आंतरिक मार्गों के पक्कीकरण का कार्य पूर्ण किये जाने हेतु फोटोग्राफ्स की प्रति प्रस्तुत की गई है।

VII. ऑयल ट्रेप्स एवं सॉयल सेपेरेशन सिस्टम की व्यवस्था की गई है।

VIII. गारलेण्ड ड्रेन का निर्माण किया गया है।

2. **जल एवं वायु सम्मति** –

- छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल द्वारा एम.एस बिलेट्स (थ्रु इण्डक्शन फर्नेस) क्षमता–59,000 टन प्रतिवर्ष एवं रि–रोल्ड स्टील प्रोडक्ट्स क्षमता–55,000 टन प्रतिवर्ष हेतु जल एवं वायु सम्मति नवीनीकरण दिनांक 03/06/2019 को जारी की गई है।

- वर्तमान में स्थापित इकाईयों हेतु छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल द्वारा जारी सम्मति शर्तों के पालन में की गई कार्यवाही की बिन्दुवार जानकारी प्रस्तुत की गई है।

3. **समीपस्थ स्थित क्रियाकलापों संबंधी जानकारी** –

- समीपस्थ आबादी ग्राम–सांकरा 0.46 कि.मी. एवं रायपुर 12.58 कि.मी. की दूरी पर स्थित है। निकटतम रेलवे स्टेशन मांढ़र 3.47 कि.मी. की दूरी पर स्थित है। स्वामी विवेकानंद विमानपत्तन, माना, रायपुर 21.3 कि.मी. की दूरी पर स्थित है। राष्ट्रीय राजमार्ग एवं राज्यमार्ग 0.43 कि.मी. दूर है। खारुन नदी 4.7 कि.मी. दूर है।

- परियोजना प्रस्तावक द्वारा 10 कि.मी. की परिधि में अंतर्राज्जीय सीमा, राष्ट्रीय उद्यान, अभयारण्य, पारिस्थितिकीय संवेदनशील क्षेत्र या घोषित जैवविविधता क्षेत्र स्थित नहीं होना प्रतिवेदित किया है।

4. **लेण्ड एरिया स्टेटमेंट** – वर्तमान में प्लांट 1.59 हेक्टेयर क्षेत्र में स्थापित है। क्षमता विस्तार हेतु सी.एस.आई.डी.सी. से अतिरिक्त भूमि 0.76 हेक्टेयर (प्लाट नं. 10) लीज पर ली गई है। इस प्रकार क्षमता विस्तार उपरांत कुल क्षेत्रफल 2.35 हेक्टेयर होगा, जिसमें से बिल्टअप का क्षेत्रफल 1.11 हेक्टेयर, रोड एवं पेव्ड का क्षेत्रफल 0.71 हेक्टेयर तथा हरित पट्टिका हेतु प्रस्तावित क्षेत्रफल 0.53 हेक्टेयर (23 प्रतिशत) होगा।

5. **रॉ–मटेरियल** –

Raw Material	Quantity (TPA)	Transportation
Steel Melting Shop Induction Furnace		

Sponge Iron	1,44,341	By road through trucks
CI/Pig Iron Heavy Scrap	30,103	
Ferro Alloys	1,552	
Ramming Mass and Refractory linings etc.	294	
Consumable	1,050 Rs./MT	
Rolling Mill		
Hot Metal	1,46,520	Internal online charging through CCM

6. **स्थापित एवं प्रस्तावित इकाईयों संबंधी जानकारी –**

SN	Product	Existing		Proposed	Capacity After Expansion	
		Facilities and Product	Capacity (TPA)	Capacity (TPA)	Facility and Product	Capacity (TPA)
1	MS Ingot / Billet	6 MT X 1 Nos. + 7 MT X 2 Nos. Induction Funaces	59,000	87,520	*9 MT X 3 Nos. + 10 MT X 1 Nos. Induction Funaces	1,46,520 TPA
2	Rerolled Steel Products (Strips, Pipes etc.)	Rerolling Mill with online Hot Charging of Semi - finished steel (166 TPD)	55,000	84,194	Rolling Mill with online Hot Charging of semi-finished steel (421 TPD)	1,39,194 TPA

वर्तमान में स्थापित इंडक्शन फर्नेसेस कूसिबल्स की क्षमता को बढ़ाकर 09 मीट्रिक टन तथा एक अतिरिक्त इंडक्शन फर्नेस क्षमता 10 मीट्रिक टन स्थापित किया जाएगा।

7. **वायु प्रदूषण नियंत्रण व्यवस्था** – वर्तमान में इण्डक्शन फर्नेस में वायु प्रदुषण नियंत्रण हेतु आईडी/एफडी फेन के साथ बेग फिल्टर (पार्टिकुलेट मेटर का उत्सर्जन 50 मिलिग्राम/सामान्य घनमीटर से कम) एवं 30 मीटर ऊंची चिमनी स्थापित की गई है। क्षमता विस्तार के तहत् इण्डक्शन फर्नेस में वायु प्रदुषण नियंत्रण हेतु सेंट्रल डस्ट कलेक्शन सिस्टम के साथ बेग फिल्टर (पार्टिकुलेट मेटर का उत्सर्जन 25 मिलिग्राम/सामान्य घनमीटर से कम) एवं 30 मीटर ऊंची चिमनी स्थापित किया जाना प्रस्तावित है। वर्तमान में पार्टिकुलेट मेटर उत्सर्जन की मात्रा 2.66 टन प्रतिवर्ष है, क्षमता विस्तार उपरांत प्रस्तावित वायु प्रदुषण नियंत्रण व्यवस्था से पार्टिकुलेट मेटर उत्सर्जन की मात्रा 2.20 टन प्रतिवर्ष होना संभावित है। ईंधन का उपयोग नहीं करने/रि–हीटिंग फर्नेस की स्थापना नहीं करने के कारण रोलिंग मिल में वायु प्रदूषण नियंत्रण संयंत्र एवं चिमनी की स्थापना किया जाना प्रस्तावित नहीं है। फ्युजिटीव डस्ट उत्सर्जन नियंत्रण हेतु जल छिड़काव की व्यवस्था है। यही व्यवस्था क्षमता विस्तार हेतु भी अपनाई जाएगी।

8. **ठोस अपशिष्ट अपवहन व्यवस्था –**

Waste	Existing (TPA)	Expansion (TPA)	Method Of Disposal
Mill Scales	2,500	2,931	Will be partially used in own induction Furnaces and remaining will be sold to Ferro Alloys Plant
Difective Billets	1,180	2,931	Will be sold / reused in own induction Furnace as raw material
Miss Roll & End Cutting	1,180	2,784	Will be reused in own induction Furnace as raw material
Slag	8,000	20,974	Will be given to metal recovery units
Refractory Waste	100	150	Will be given to authorised recyclers

9. **जल प्रबंधन व्यवस्था** –

